छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा   द्वितीय सत्र   अंक-01

<u>रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 12 जुलाई, 2019</u>

(आषाढ़ 21, शक संवत् 1941)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री संतोष कुमार अग्रवाल, पूर्व सदस्य, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा, श्री भीमा मण्डावी, सदस्य छत्तीसगढ़ विधान सभा एवं श्री बलराम सिंह ठाकुर, पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ विधान सभा के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, सदस्य सर्वश्री अजीत जोगी, मोहन मरकाम, केशव प्रसाद चन्द्रा, धर्मजीत सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, डॉ. रेणु अजीत जोगी, सर्वश्री अमितेश शुक्ल, शिवरतन शर्मा, श्री कवासी लखमा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, सदस्य श्री सौरभ सिंह, श्रीमती रश्मि आशिष सिंह, डॉ.रमन सिंह एवं श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्यमंत्री ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

माननीय अध्यक्ष द्वारा निधन के उल्लेख में माननीय सदस्यों के विचारों को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती बिन्देश्वरी बघेल के निधन के प्रति भी शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही अपरान्ह 12.21 बजे, सोमवार, दिनांक 15 जुलाई, 2019 (आषाढ़-24, शक संवत् 1941) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा